# बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार
## बुद्ध मार्ग, पटना संग्रहालय के सामने
## पटना–800001

बिहार सरकार

## सूचना

न्याय आपके द्वार कार्यकम के अन्तर्गत विभिन्न जिलों के सूदूरवर्ती क्षेत्रों में समय–समय पर चलंत लोक अदालत भेजा जाता है । जिसमें एक सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी के अतिरिक्त विधिक सेवाओं में रूचि रखने वाले एक अधिवक्ता एवं एक सामाजिक कार्यकर्ता/विधि छात्र को भेजा जाता है ।

चलंत लोक अदालत के न्यायिक एवं गैर न्यायिक सदस्यों को किसी प्रकार का वेतन या पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है परन्तु उनके आकस्मिक खर्चो के लिए मानदेय का निर्धारित दर पर भुगतान किया जाता है ।

इस संबंध में, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार विनियम 30(4)(ज) के तहत् सदस्यों का सूचिबद्वता माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अनुमोदन के अध्याधीन होगी । सूची को तीन वर्षो पर पुनरीक्षण किया जायेगा ।

चलंत लोक अदालत में कार्य करने के इच्छूक व्यक्ति बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सूचना प्रकाशित तिथि से 15 दिनों के अंदर आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा एवं अनुभव प्रमाण–पत्र जमा कर सकते है अथवा ई–मेल पर भेज सकते है ।तदनुसार नियमानुकूल 3 वर्षो के लिए उनको वरीयता एवं अनुभव के आधार पर सूचिबद्ध किया जायेगा ।

पूर्व में प्रकाशित सूचना दिनांक 21.06.2020 को रद्द किया जाता और इस आधार पर प्राप्त आवदनों पर राज्य प्राधिकार द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा ।

| क0सं0 | पद का नाम | योग्यता/अनुभव | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी | कोई उम्र सीमा नहीं परन्तु शारीरिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति | बि0रा0वि0से0प्रा0 के द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानदेय देय होगा |
| 2 | गैर न्यायिक अधिवक्ता सदस्य | न्यूनतम 5 वर्षो का वकालत का अनुभव | तथैव |
| 3 | गैर–न्यायिक सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य | समाजिक कार्य में अभिरूचि रखने से संबंधित प्रमाण–पत्र | तथैव |
| 4 | विधि संकाय छात्र | प्राचार्य से अग्रसारित आवेदन–पत्र | तथैव |

(राजीव रंजन)
सदस्य सचिव
बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना

PR. No. 15339 (LAW) 2021-22